प्रीलिम्स फैक्ट्स: 25 जून, 2019

- RBI की शिकायत प्रबंधन प्रणाली
- अंबुबाची मेला
- लुलिकोनाज़ोल

RBI की शिकायत प्रबंधन प्रणाली

(Complaint Management System-CMS)

भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India- RBI) ने किसी भी विनियमित इकाई के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिये एकल खिड़की के रूप में RBI की वेबसाइट पर शिकायत प्रबंधन प्रणाली (CMS) की शुरुआत की है।

- इस प्रणाली को शुरू करने का उद्देश्य शिकायतों का समय से समाधान कर ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करना है।
- RBI के अनुसार, इस प्रणाली को शुरू करने से पारदर्शिता में वृद्धि होगी।
- इस प्रणाली की सहायता से ग्राहक सार्वजनिक/पब्लिक इंटरफेस वाली किसी भी विनियमित इकाई जैसे- वाणिज्यिक बैंक, शहरी सहकारी बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (Non-Banking Financial Company- NBFC) के खिलाफ ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
- CMS के माध्यम से दर्ज की जाने वाली शिकायत को उपयुक्त लोकपाल कार्यालय (Office of the Ombudsman) या रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय

ऑफिस को भेज दिया जाएगा।

- CMS को डेस्कटॉप और मोबाइल दोनों के ज़रिये एक्सेस किया जा सकता है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक CMS के डेटा को विश्लेषण के लिये उपयोग कर सकता है जिसका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर विनियामक और पर्यवेक्षी हस्तक्षेप के लिये किया जा सकता है।
- ग्राहकों द्वारा दर्ज शिकायतों के स्टेटस को ट्रैक करने के लिये रिज़र्व बैंक एक डेडीकेटेड इंटरेक्टिव वॉइस रिस्पॉन्स (IVR) सिस्टम भी लागू करने की योजना बना रहा है।

अंबुबाची मेला

(Ambubachi Mela)

गुवाहाटी (असम) के कामाख्या मंदिर में वार्षिक रूप से अंबुबाची मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले का आयोजन देवी की रजस्वला अवधि के दौरान किया जाता है।

- गुवाहाटी में नीलाचल पहाड़ियों पर स्थित कामाख्या मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है।
- अंबुबाची मेला देवी कामाख्या की प्रजनन क्षमता का प्रतीक है।
- मंदिर में कोई मूर्ति नहीं है।
- देवी कामख्या को **सदिध कुबजिका** के रूप में भी जाना जाता है। इनकी पहचान काली और महा त्रिपुर सुंदरी के रूप में भी है।
- इस मेले को **पूरव के 'महाकुंभ'** के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह दुनिया भर से लाखों भक्तों को आकर्षित करता है।

महत्त्व

- रजस्वला के समय को अनुष्ठान के रूप में मनाने के कारण भारत के अन्य हिस्सों की तुलना में असम में मासिक धर्म से जुड़ी वर्जनाएँ कम हैं। असम में लड़कियों को नारीत्व की प्राप्ति को भी उत्सव/रस्म के रूप में मनाया जाता है जिसे **'तुलोनी ब्या'** कहा जाता है, इसका अर्थ है छोटी शादी।
- अंबुबाची मेला मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने का भी एक अवसर है।

लुलिकोनाज़ोल

(Luliconazole)

हमदर्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (दिल्ली) के शोधकर्त्ताओं ने एक विशिष्ट पारभासी नाखून रोगन (Novel Translucent Nail Lacquer), लुलिकोनाज़ोल (Luliconazole) विकसित किया है, जो एक प्रकार की कवक-प्रतिरोधी (Antifungal drug) औषधि है तथा ओनिकोमाइकोसिस (नखकवकता) (Onychomycosis) के उपचार में सहायक है।

- इस दवा में, जल्दी सूखने वाले बहुलक (Polymer) मिलाया गया है और इसे नेल पॉलिश की तरह आसानी से प्रयोग किया जा सकता है।
- शोधकर्त्ताओं ने इस दवा का परीक्षण गौवंशीय पशुओं के खुरों पर किया, क्योंकि उनकी संरचना मानव नाखूनों के समान होती है।

ओनिकोमाइकोसिस (Onychomycosis)

- यह सामान्यतः जीवों के पैरों और हाथों के नाखूनों में होने वाला कवकीय संक्रमण (Fungal Infection) है जो ट्राइकोफाइटन रूब्रम (**Trichophyton rubrum**) नामक कवक के कारण होता है।
- ओनिकोमाइकोसिस संक्रमण नाखूनों से संबंधित लगभग आधे से अधिक बीमारियों के लिये ज़िम्मेदार होता है।
- इसके कारण नाखून टूटने लगते हैं, उनका रंग मलिन हो जाता है और नाखूनों के आकार में भी विकृति उत्पन्न हो जाती है।
- यह संक्रमण हाथों के नाखूनों की तुलना में पैरों के नाखूनों को अत्यधिक प्रभावित करता है क्योंकि पैरों के नाखूनों की वृद्धि धीमी गति से होती है, रक्त आपूर्ति कम होती है और प्रायः ये अंधेरे और नम वातावरण के संपर्क में रहते हैं तथा ये सभी परिस्थितियाँ कवक वृद्धि के अनुकूल होती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-25-june-2019